टीसीएस आईटी विज 29 को

इंदौर। आईटी सेवाओं, परामर्श और बिजनेस सॉल्यूशंस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस), ने आज घोषणा की कि स्कूली स्तर पर होने वाले देश के सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी क्विज टीसीएस आईटी विज–2017 के अहमदाबाद एडिशन का योजन मंगलवार 29 अगस्त को इंदौर में किया जाएगा। यह आयोजन खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पस में, आईआईपीएस के समीप स्थित यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में होगा। इस क्विज के आयोजन में कक्षा 8–12 तक में पढ़ने वाले सभी स्कूली छात्रों को भाग लेने की पात्रता होगी। इसके लिए प्रत्येक शिक्षण संस्थान अधिक से अधिक 8 टीमें भेज सकता है। प्रत्येक टीम दो सदस्यों की होगी। इस आयोजन में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं रखा गया है।